# कांग्रेस का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

**भोपाल,02 दिसंबर. मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक दल ने किसानों की लगातार बिगड़ती स्थिति और भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार सांकेतिक प्रदर्शन किया.**




कांग्रेस विधायक चिड़िया चुग गई खेत शीर्षक वाली झांकी लेकर विधानसभा परिसर पहुंचे. यह झांकी किसानों की मेहनत, उम्मीदों और फसल के सरकार की नीतिगत विफलताओं के कारण चौपट होने का प्रतीक थी.

उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश का किसान खाद की किल्लत, समर्थन मूल्य पर उचित खरीदी और समय पर मुआवजा पाने जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करने को मजबूर है. उन्होंने आरोप लगाया कि अन्नदाता आज सड़क पर अपने हक के लिए लड़ रहा है, जबकि सत्ता पक्ष भावांतर जैसी खोखली योजनाओं के जरिए उसे बहलाता रहा. नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि किसानों के हितों की रक्षा न कर पाना भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है. उनका कहना था कि भाजपा सरकार रूपी चिड़िया किसानों के खेत पहले ही साफ कर चुकी है. कांग्रेस विधायक दल ने कहा कि वे किसानों की आवाज हर मंच पर उठाते रहेंगे और अन्नदाता के अधिकारों की लड़ाई को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाएंगे.

# बाल विवाह के मामले बढ़े : जयवर्धन

विशेष संवाददाता

**भोपाल. मध्यप्रदेश में बाल सुरक्षा तंत्र की स्थिति पर गंभीर सवाल तब खड़े हो गए जब पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने विधानसभा में नाबालिग बच्चियों के बाल विवाह के बढ़ते मामलों को लेकर प्रश्न उठाया।**

सरकार के लिखित जवाब में सामने आए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 से 2025 के बीच बाल विवाह के मामलों में लगातार इजाफा हुआ है, जबकि प्रदेश में बाल विवाह पूरी तरह प्रतिबंधित है। सिंह ने सरकार और महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली की कठोर आलोचना करते हुए कहा कि करोड़ों रुपये खर्च करने, अनेक योजनाएँ चलाने और बार-बार जागरूकता अभियानों के दावे करने के बावजूद बाल विवाह रोकथाम पर कोई ठोस असर दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा, आश्चर्य की बात है कि इतने खर्च और प्रयासों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। सरकार का दावा है कि प्रदेशभर में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त हैं, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत हर माह गतिविधियाँ आयोजित होती हैं, अक्षय तृतीया और देव उठनी एकादशी पर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं.

## जमीनी स्तर पर प्रभावी कदम उठाए सरकार



जयवर्धन सिंह का कहना है कि बढ़ते आंकड़े सरकार की नाकामी का स्पष्ट संकेत हैं. उन्होंने प्रोहिबिशन ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट, 2006 का उल्लेख करते हुए याद दिलाया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कानूनन अपराध है, जिसमें दो वर्ष तक की सजा या एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है. उन्होंने मांग की कि सरकार कागज़ी कार्यवाही से आगे बढ़कर जमीनी स्तर पर प्रभावी कदम उठाए, ताकि नाबालिग बेटियों का भविष्य सुरक्षित रह सके.

## एक नजर में

### चोर बना कर्मचारी, 30 लाख का ट्रक चोरी

**बैतूल.** जिले में आमला थाना क्षेत्र में नाहिया स्थित एमके केसर क्रेशर से चोरों ने फिल्मी अंदाज में 30 लाख रुपये कीमत का मिलर ट्रक (एमपी 41 जी 3311) चोरी कर लिया. घटना को इतनी सूझबूझ से अंजाम दिया गया कि परिसर में मौजूद किसी को भनक तक नहीं लगी. क्रेशर मैनेजर सचिन शुक्ला के अनुसार, चोरों ने पहले सीसीटीवी कैमरों की केबल काट दी और हाईमास्ट लाइट बंद कर दी, जिससे रिकॉर्डिंग पूरी तरह बंद हो गई. इसके बाद देर रात ट्रक को क्रेशर से निकालकर हाईवे की ओर ले गए. मिलानपुर टोल के पास ट्रक में आग लगने पर चोर ने खुद को ट्रक का कर्मचारी बताते हुए मौके पर मौजूद लोगों के साथ मिलकर आग भी बुझाई.

### दो नकाबपोश हमलावरों ने शिक्षक को मारी गोली

**शिवपुरी.** जिले के भौंती थाना क्षेत्र में धाय महादेव चौराहे के पास कल शाम मोटरसाइकिल से घर लौट रहे एक शिक्षक की दो नकाबपोश हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम कल्याण सिंह लोधी था, जो कमलपुर विद्यालय में पदस्थ थे. कल्याण सिंह अपने एक सहकर्मी शिक्षक के साथ मोटरसाइकिल से लौट रहे थे, तभी चौराहे के पास मोटरसाइकिल पर पहुंचे दो नकाबपोश बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी. हमले में दोनों शिक्षक घायल हुए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए झांसी ले जाया गया. उपचार के दौरान कल्याण सिंह ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे शिक्षक का इलाज जारी है.



# कड़ाके की ठंड का अलर्ट

**05 दिसंबर से शीतलहर की होगी एंट्री**

**मौसम शुष्क लेकिन तापमान और गिरेगा**

**भोपाल,2 दिसंबर. मध्य प्रदेश में नवंबर से ही रिकॉर्ड तोड़ सर्दी ने दस्तक दे दी थी और अब दिसंबर की शुरुआत में ठंड का असली दौर शुरू होने जा रहा है.**

मौसम विभाग के अनुसार, 5 से 6 दिसंबर के बीच नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिसके चलते वहां बर्फबारी बढ़ेगी. इन इलाकों से आने वाली बर्फीली हवाएं मध्यप्रदेश में ठंड को और तीखा करेंगी. अनुमान है कि अगले तीन दिनों में रात का तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर सकता है और कई जिलों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है.

### पिछले 24 घंटे प्रदेशभर में मौसम शुष्क

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम पूरी तरह शुष्क रहा और कहीं भी वर्षा के संकेत नहीं मिले. अधिकतम तापमानों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया. भोपाल, इंदौर, उज्जैन, चंबल, जबलपुर और सागर संभागों में दिन का तापमान सामान्य से 1.8°C से 2.8°C तक कम रहा, जबकि अन्य संभागों में यह सामान्य के करीब बना रहा.

### समुद्र और पहाड़ों में सक्रिय मौसम तंत्र

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय अवदाब पिछले छह घंटों के दौरान 3 किमी/घंटा की रफ्तार से दक्षिण-दक्षिणपश्चिम दिशा में बढ़ा है. यह सिस्टम चेन्नई के पूर्व-दक्षिणपूर्व में लगभग 40 किमी दूरी पर केंद्रित है और अगले 12 घंटों तक अवदाब की तीव्रता बनाए रखने की संभावना है. इसके बाद इसके कमजोर होने के संकेत हैं. प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का ही अनुमान है, लेकिन रात के तापमान में तेज गिरावट और ठंडी हवाओं से कड़ाके की ठंड बढ़ने की पूरी संभावना है.

### डिजिटल अरेस्ट से बुजुर्ग को ठगी से बचाया

**बैतूल.** जिले के पाथाखेड़ा क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने एक बड़ी साइबर ठगी को समय रहते रोकते हुए 64 वर्षीय चैतराम नरवरे की लगभग 73 लाख रुपये की जीवनभर की जमा पूंजी बचा ली. भोपाल के अशोका गार्डन निवासी और रिटायर्ड डब्ल्यूसीएल कर्मचारी नरवरे पिछले कुछ दिनों से साइबर ठगों के जाल में फंस गए थे, जो उन्हें डिजिटल अरेस्ट जैसी फर्जी कार्रवाई का डर दिखाकर रकम निकलवाने का दबाव बना रहे थे. नरवरे को 28 नवंबर से लगातार फोन और वीडियो कॉल आ रहे थे. कॉल करने वाले स्वयं को सीबीआई, ईडी और पुलिस अधिकारी बताते हुए आरोप लगा रहे थे कि उनके खाते से पुलवामा हमले और दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े संदिग्ध लेन-देन हुए हैं.

# भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण दे रही सरकार

## जीतू पटवारी ने सरकार की कार्यशैली पर जताई नाराज़गी

विशेष संवाददाता

**भोपाल,02 दिसंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंगलवार को भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए मंत्रियों और विभागों की दो वर्ष की प्रस्तावित समीक्षा को सिर्फ सुर्खियों के लिए किया जाने वाला दिखावटी अभ्यास बताया.**

पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री को सबसे पहले अपने ही गृह विभाग की समीक्षा करनी चाहिए, जिसे केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों में देश के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों में शामिल किया गया था.



पटवारी ने कहा कि जब केंद्र सरकार ने ही राज्य के गृह विभाग की विफलताओं पर प्रश्नचिह्न लगाया है, तो कुप्रबंधन का इससे बड़ा प्रमाण और क्या हो सकता है. उन्होंने मांग की कि किसी भी वास्तविक मूल्यांकन की शुरुआत मुख्यमंत्री के स्वयं के विभाग से होनी चाहिए. पटवारी ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि 26 बच्चों की मौत, नकली दवाइयों का कारोबार और 500 पन्नों की सीएजी रिपोर्ट स्वयं विभाग की पोल खोल रहे हैं.

### कृषि, शिक्षा, परिवहन- आरोपों की लंबी सूची

कांग्रेस नेता ने कृषि विभाग को लेकर गंभीर सवाल उठाए, जिनमें नकली बीज घोटाला, परमिटों का दुरुपयोग, बीमा कंपनियों से कथित मिलीभगत और सीएजी की रिपोर्ट में दर्ज टिप्पणियां शामिल हैं. उन्होंने पूछा कि क्या मुख्यमंत्री कृषि मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई करेंगे. शिक्षा विभाग पर बोलते हुए पटवारी ने कहा कि करीब 50 लाख छात्र सिस्टम से गायब हो गए, जबकि बजट 7,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 37,000 करोड़ रुपये हो गया. छात्र ग़ायब हो रहे हैं, पैसा नहीं आखिर पैसा कहां जा रहा है? उन्होंने सवाल उठाया कि परिवहन विभाग को लेकर भी उन्होंने मुख्यमंत्री को घेरा और कहा कि उनके दावों के बावजूद कई टोल प्लाजा आज भी संचालित हो रहे हैं.

# बहनों के लिए 1794 करोड़ का प्रावधान

## 13476 करोड़ 94 लाख रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 दिसंबर. वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के लिये द्वितीय अनुपूरक बजट सदन में मंगलवार को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश किया.**

13476 करोड़ 94 लाख रुपये के द्वितीय अनुपूरक बजट में लाड़ली बहनों को राशि देने के लिये 1794 करोड़ रुपये का इंतजाम किया गया है, वहीं सबसे अधिक 4 हजार करोड़ की राशि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिये की गई है. भावांतर योजना के लिये 500 करोड़ रुपये का इंतजाम किया गया है. खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के तहत उपार्जन संस्थाओं को ऋण देने के लिये दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. वहीं पंचायत विभाग के तहत 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के मुताबिक स्थानीय निकायों को अनुदान देने के लिये 1633 करोड़ रुपये का इंतजाम किया गया है. इसी तरह औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के लिये 650 करोड़ रुपये, नर्मदा घाटी विकास विभाग के तहत सरदार सरोवर के डूब प्रभावित क्षेत्र में भू- अर्जन सहित अन्य कार्यों पर खर्च के लिये 600 करोड़ रुपये और बरगी नहर योजना के लिये 200 करोड़ के अलावा इंदिरा सागर परियोजना के लिये भी 94 करोड़ रुपये का इंतजाम किया गया है.

वहीं नगरीय विकास एवं आवास विभाग के तहत अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफार्मेशन अमृत 2 .0 के लिये 150 करोड़ रुपये, मिलियन प्लस शहर अमृत 2 .0 के लिये 115 करोड़ रुपये और एक लाख से कम आबादी के शहरों में अमृत 2 .0 योजना के लिये भी 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा रहा है. इधर स्कूल शिक्षा विभाग के तहत पीएम जनमन के लिये 122 करोड़ रुपये और धरती आबा उत्कर्ष अभियान के लिये 108 करोड़ रुपये का इंतजाम किया गया है. अनुपूरक पर गुरुवार को सदन में चर्चा होगी.

# सदन में बेहोश हो गये कृषि विकास मंत्री कंसाना

प्रशासनिक संवाददता

**भोपाल, 2 दिसंबर. सदन में प्रश्नकाल के दौरान उस समय असहज स्थिति बन गई, जब किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री बेहोश हो गये. आनन-फानन में मंत्री के साथ ही विधायकों ने उनको रूमाल से हवा देना शुरू किया.**



ठीक उसी समय प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सदन में प्रवेश कर रहे थे, वे तुरंत ही कंसाना के पास पहुंचें. बाद में स्पीकार भी पहुंचें. इस घटनाक्रम के चलते सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिये स्थगित रही. ये स्थिति तब बनी जब नीना विक्रम वर्मा प्रश्न कर रही थीं, प्रश्नकाल में उनका ये दूसरा ही प्रश्न था. कंसी कंसाना के बेहोश होने के बाद उन्हें एंबुलेंस से बंसल अस्पताल पहुंचाया गया, बाद में उन्हें देखने के लिये विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी अस्पताल पहुंचें और उनका हालचाल लिया.

# अनुकंपा नियुक्ति अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

## 7 साल बाद दावे पर नहीं कर सकते विचार

**जबलपुर,2 दिसंबर. हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अनुकंपा नियुक्ति अधिकार नहीं है। मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा सकती है।**



कर्मचारी की मृत्यु के सात साल बाद अनुकंपा नियुक्ति की दावेदारी नहीं कर सकते। हाईकोर्ट जस्टिस दीपक खोत ने उक्त आदेश के साथ याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता आशुतोष साध की तरफ से अनुकंपा नियुक्ति का दावा खारिज किये जाने के कारण हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि पिता गवर्नमेंट मिडिल स्कूल ब्लॉक केसला तहसील इटारसी में असिस्टेंट टीचर के पद पर पदस्थ थे। नौकरी के दौरान दिसम्बर 2008 में पिता की मौत हो गयी थी। उस समय वह नाबालिग था और उसकी उम्र महज 11 साल थी। वह सितंबर 2015 में बालिग हुआ था और अप्रैल 2016 को अनुकंपा नियुक्ति के लिए डीईओ को आवेदन दिया था,जिसका जानकारी के अभाव में एक्नॉलेजमेंट नहीं लिया था।

एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि याचिकाकर्ता के पिता का निधन 2008 में हुआ था। उस समय 2008 की पॉलिसी प्रभावी थी। जिसके अनुसार अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन की अधिकतम समय सीमा सात साल थी। कमेटी ने पॉलिसी 2014 के तहत आवेदन खारिज किया है। इस प्रकरण को वापस लौटाने का औचित्य इसलिए नहीं बनता कि पॉलिसी 2008 के अनुसार भी आवेदक ने निर्धारित समय अवधि के बाद आवेदन दायर किया है। एकल पीठ ने उक्त आदेश के साथ आवेदन को खारिज कर दिया।

### भिण्ड में युवक की गोली मारकर हत्या

**भिण्ड.** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले के गोहद स्थित डांग गांव में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस मामले में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला के समधी जेपी कांकर सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है. पुलिस ने मुख्य आरोपी जेपी कांकर को देर रात हिरासत में ले लिया, जबकि उसके दोनों साथी फरार हैं. घटना 30 नवंबर की रात उस समय हुई जब भिण्ड के मुरलीपुरा निवासी जेपी कांकर अपने साथियों सुनील कांकर और दीपू बोहरे के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे. शराब के नशे में गौरव गुर्जर से हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई और इसी दौरान जेपी कांकर ने फायरिंग कर दी.

# काशी तमिल संगमम 4 .0 आरंभ

## तमिलनाडु से बनारस तक सात विशेष ट्रेनें संचालित

**भोपाल,02 दिसंबर. भारतीय रेलवे काशी तमिल संगमम 4.0 में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तमिलनाडु के प्रमुख शहरों कन्या कुमारी, चेन्नई और कोयंबटूर से बनारस तक कुल सात विशेष ट्रेनों का संचालन हो रहा है.**



इन ट्रेनों का उद्देश्य तमिल भाषी क्षेत्र और काशी के प्राचीन आध्यात्मिक केंद्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और सशक्त बनाना है. पहली विशेष ट्रेन 29 नवंबर को कन्याकुमारी से रवाना हुई. इसके बाद आज चेन्नई से दूसरी ट्रेन चली. आगामी प्रस्थान क्रमशः 3 दिसंबर (कोयंबटूर), 6 दिसंबर (चेन्नई), 7 दिसंबर (कन्याकुमारी), 9 दिसंबर (कोयंबटूर) और 12 दिसंबर 2025 (चेन्नई) से निर्धारित हैं. इसी प्रकार वापसी के लिए बनारस से 5, 7, 9, 11, 13, 15 और 17 दिसंबर को विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी. आज से आरंभ हो रहा काशी तमिल संगमम 4.0 आइए तमिल सीखें - तमिल करकलम थीम पर केंद्रित है. कार्यक्रम तमिलनाडु और काशी के बीच भाषाई-सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नए आयाम देता है. शिक्षा मंत्रालय के नेतृत्व में, आईआईटी मद्रास और बीएचयू प्रमुख ज्ञान साझेदार हैं, जबकि रेलवे सहित दस मंत्रालय सहयोग कर रहे हैं. इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से भारतीय रेलवे देश के विविध सांस्कृतिक क्षेत्रों को जोड़ते हुए साझा विरासत को सुदृढ़ कर रहा है.

### इटारसी-प्रयागराज छिवकी ट्रेन का चुनार तक विस्तार

**भोपाल.** माघ मेला-2026 के दौरान यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस को अस्थायी रूप से चुनार जंक्शन तक विस्तार देने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 1 जनवरी 2026 से 17 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। इस अवधि में दोनों दिशाओं में 47-47 ट्रिप संचालित की जाएंगी, जिससे यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा और बेहतर विकल्प मिलेंगे। गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस इटारसी से 17.15 बजे प्रस्थान कर निर्धारित ठहरावों के बाद अगले दिन 13.30 बजे चुनार पहुंचेगी।

**बैठक** | सीएम ने अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान दी बधाई

# मल्हारगढ़ थाने को देश में मिली 9वीं रैंक

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में रायपुर में हुई डीजीपी कॉन्फ्रेंस में मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ थाने को देश के श्रेष्ठतम पुलिस थानों की रैंकिंग में 9वी रैंक प्राप्त होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपराध के ग्राफ, आपराधिक प्रकरणों को सुलझाने की अवधि, स्वच्छता, अधिकारियों-कर्मचारियों के व्यवहार जैसे 70 मापदंडों के परीक्षण के आधार पर प्राप्त यह रैंक प्रदेश के लिए गर्व का विषय है. केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मल्हारगढ़ थाने के पूरे स्टॉफ को भी बधाई दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 14 से 27 नवम्बर तक आयोजित 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश मंडपम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रजत पदक प्राप्त होने की बधाई भी दी.

एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर आयोजित मेले में मप्र के मंडप को ग्वालियर किले की थीम पर विकसित किया तथा मंडपम केन्द्र में मुरैना जिले के 64 योगिनी मंदिर को दर्शाया गया था. मप्र मंडपम में प्रदेश की विश्व धरोहरों खजुराहो, सांची स्तूप और भीमबेटका के साथ प्रस्तावित धरोहर स्थलों, विभिन्न सांस्कृतिक महोत्सवों, हस्तशिल्प, हाथकरघा, जी.आई., एक जिला एक उत्पाद को भी सजाया गया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लुटियन्स ने जब भारतीय संसद भवन का डिजाइन तैयार किया था तब उन्होंने भारत वर्ष की प्रसिद्ध इमारतों के डिजाइन बुलवाए थे, जिसमें से उन्होंने मुरैना जिले के 64 योगिनी मंदिर का चुनाव किया था. इसके आधार पर ही लुटियन्स ने भारतीय संसद भवन का निर्माण कराया था.

# जहां 20 से कम कर्मचारी वहां लेबर इंस्पेक्टर की नो इंट्री

**दुकान तथा स्थापना द्वितीय संशोधन विधेयक पारित**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 दिसंबर. प्रदेश के ऐसे दुकान या अन्य स्थापना जहां 20 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां अब लेबर इंस्पेक्टर की नो इंट्री होगी. उन्हें अपनी मर्जी से ऐसे दुकानों में जाकर पड़ताल या सर्चिंग की अनुमति नहीं होगी.**

यदि ऐसा करना जरुरी हुआ तो पहले उन्हें श्रम आयुक्त की अनुमति लेना पड़ेगा. बिना अनुमति के वे दुकानों में जांच के प्रयोजन से नहीं जा सकेंगे. इस तरह प्रदेश के छोटे दुकानदारों को इंस्पेक्टर राज से पूरी तरह मुक्ति मिल गई है. यह प्रावधान मप्र दुकान तथा स्थापना द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 में किया गया है, जिसे मंगलवार को सदन में चर्चा के बाद पारित कर दिया गया. इससे पहले विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि महिलाओं को समान देना और 24 घंटे दुकान खोलने पर सुरक्षा देने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी. उन्होंने बताया कि नये विधेयक में दुकान रजिस्ट्रेशन शुल्क को 250 रुपये बढ़ाकर 2500 रुपये किया गया है.

**पेज एक का शेष**

# जनता चुनेगी नपा-नप अध्यक्ष

अब विधेयक को राज्यपाल के पास मंजूरी के लिये भेजा जाएगा, राज्यपाल की मंजूरी के बाद अधिनियम के रूप में प्रदेश में प्रभावी हो जाएगा. वर्ष 2027 में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत होंगे. इससे पहले चर्चा का जवाब देते हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि ये कानून राजीव गांधी के सपनों को पूरा करने की दिशा में एक कदम है.पहले राइट टू रिकॉल ढाई साल में लागू होता था, जिसे अब तीन साल कर दिया गया है.जिससे कि लोकतंत्र मजबूत हो. इससे पहले चर्चा में हिस्सा लेते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि इस बिल से जनता को कोई सीधे फायदा नहीं होगा.

ये केवल टिकट बेचने का माध्यम बनेगा और तीन साल बाद फिर खुलेआम हॉर्स ट्रेडिंग होगी. वहीं फूल सिंह बरैया ने इस विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि तीन वर्ष में रिकॉल करने का कोई औचित्य नहीं है, अध्यक्ष को पांच वर्ष का पूरा कार्यकाल मिलना चाहिए. यदि कार्यकाल ठीक नहीं रहा तो अगले चुनाव में जनता खुद बाहर कर देगी. कांग्रेस के ही जयवर्धन सिंह ने कहा कि जिला और जनपद में भी पहले सदस्य निर्वाचित होते हैं और बाद में वे अध्यक्ष का चुनाव करते हैं.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14